वीयू – स्कूली बच्चों को किया गया रैबीज के प्रति जागरूक

नानाजी देशमुख पशु चकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा विश्व रैबीज दिवस के उपलक्ष्य में माननीय कुलपति प्रो. डॉ. मनदीप शर्मा जी के दिशा– निर्देश अनुसार, एवं पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा, के निर्देशन में पशुजन स्वास्थ्य एवं महामारी विभाग के प्राध्यापक डॉ. रणविजय सिंह एवं सहायक प्राध्यापक डॉ भावना गुप्ता द्वारा 1 अक्टूबर को पी. ऍम. श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक–1, जी.सी.एफ., जबलपुर में लगभग दो हजार छात्र – छात्राओं को **"रैबीज के उन्मूलन एवं जानवरो के प्रति सद्‌भाव पूर्ण व्यवहार की जागरूकता"** विषय पर जानकारी दी गई, इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य डॉग बाइट्स को कम करने तथा प्रबंधन के बारे में लोगो को सचेत करना था।